जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

# JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2021/mmp/153 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | गुरुवार, 2 सितम्बर 2021




**जेडीए के पीआरएन नॉर्थ सेकंड ज़ोन मे स्थित भूखंड संख्या 18,18A माँ करणी नगर 'E' पांच्यावाला मे बन रही वैध/अवैध बिल्डिंग,बिल्डर भी इसी पते पर बिल्डिंग होने का प्रचार कर रहा है|लेकिन ज़ोन के प्रवर्तन अधिकारी को मौके पर भूखंड खाली नजर आ रहा है|**

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com





भूखंड संख्या 18,18A माँ करणी नगर 'E' पांच्यावाला पर हो रहा निर्माण कार्य

## क्या है जेडीए के पीआरएन नॉर्थ सेकंड ज़ोन मे स्थित भूखंड संख्या 18,18A माँ करणी नगर 'E' पांच्यावाला मे बन रही बिल्डिंग का मामला?

जेडीए के पीआरएन नॉर्थ सेकंड ज़ोन मे स्थित भूखंड संख्या 18,18A माँ करणी नगर 'E' पांच्यावाला पर ग्राउंड फ्लोर सहित पाँच मंजिलों की बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है| इस बिल्डिंग को बनाने वाले बिल्डर द्वारा प्रचारित किया जा रहा है कि यहा पर 2BHK और 3 BHK के फ्लेट बन रहे है|सूत्रो के अनुसार इस बिल्डिंग मे 16 से अधिक फ्लेटों का निर्माण करवाया जा रहा है,जो किसी भी हाल मे जेडीए से अनुमोदित नहीं हो सकती,क्यूंकि रेरा की वेबसाइट पर इस प्रोजेक्ट का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया गया है|इस बिल्डिंग के जेडीए अनुमोदित होने की पुख्ता रिपोर्ट के लिए हमारे द्वारा इस बिल्डिंग का मामला जेडीए प्रवर्तन के संज्ञान मे लाया गया लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यह कह कर कोई रिपोर्ट देने से मना कर दिया कि **"मौका देखा गया भूखंड खाली है,कोई निर्माण नहीं मिला"**

ताज्जुब तो इस बात का है कि इस मामले मे दो बार संपर्क पोर्टल पर परिवाद दर्ज करवाने पर भी संबन्धित प्रवर्तन अधिकारी द्वारा यही रटा-रटाया जवाब दिया गया|


TOPOGRAPHICAL SURVEY MAP OF MA KARANI NAGAR-E
SOCIETY: BHAIRAV G.N.S.S VILLAGE - PANCHYAWALA, JAIPUR.
ABHINANDAN VIHAR
SECTOR ROAD 24.00 m. WIDE
22
KEY PLAN
J D A
DETAILED-A
SHYAM VATIKA
122
121
INDANE LPG
MARRIAGE GARDEN
माँ करणी नगर ई मे स्थित भूखंड संख्या
18A पर चल रहा अवैध बिल्डिंग का कार्य


Project Status
-- All --
District
-- All --
Promoter Name
bagariya buildcom Builders and Developers
Project Name
Registration No.
Search
Clear
Drag a column header and drop it here to group by that column
District Name
Project Name
Project Type
Promoter Name
Application No. / Submission Date
Registration No. / Registration Date
Actions
रेरा की वेबसाईट के अनुसार बिल्डर द्वारा इस प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया गया है|
No records found

| Action History | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| # | From | To | Action | Date | Remarks | Doc. |
| 1 | GYANESH KUMAR(ज्ञानेश कुमार) / 9828346151 | - | Grievance Registered | 13-Aug-2021 | Grievance Registered on 13-Aug-2021 | - |
| 2 | , , , | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( EO ) , Enforcement Officer - PRN-North | Allocated | 13-Aug-2021 | परिवाद सम्बंधित अधिकारी को अग्रेषित कर दी गयी है | - |
| 3 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( EO ) , Enforcement Officer - PRN-North | , , , | Remarks | 17-Aug-2021 | मौका देखा गया भूखंड खली पड़ा है कोई निर्माण नहीं मिला | - |
| 4 | Jaipur Development Authority (J D A) , Enforcement Officer , ( EO ) , Enforcement Officer - PRN-North | , , , | Partially Special Closed | 17-Aug-2021 | मौका देखा गया भूखंड खली पड़ा है कोई निर्माण नहीं मिला | - |

**ज़ोन के प्रवर्तन अधिकारी द्वारा दिनांक 17/08/2021 को बताया गया कि "मौका देखा गया भूखंड खाली है कोई निर्माण नहीं मिला"**

## जवाब मांगते सवाल?

1. जब इस बिल्डिंग का मालिक खुद इस बिल्डिंग के प्रचार मे इस बिल्डिंग का पता 18A,माँ करणी नगर ई, पांच्यावाला बता रहा है तो ऐसा कैसे हो सकता है कि प्रवर्तन अधिकारी को मौके पर भूखंड खाली मिला?
2. आखिर क्यूँ प्रवर्तन अधिकारी को मौके पर कोई निर्माण नहीं मिला जबकि मौके पर 5 मंज़िला बिल्डिंगे मुंह फाड़े खड़ी है?
3. क्या अब ऐसी तकनीक विकसित हो गयी है जिससे बिल्डिंगे गायब की जा सकती है?
4. क्या प्रवर्तन अधिकारी बताएँगे कि यदि यह बिल्डिंग मौके पर नहीं बन रही है तो कहाँ पर बन रही है?
5. आखिर क्यूँ ज़ोन के प्रवर्तन अधिकारी ने इस अवैध बिल्डिंग को चिन्हिकरण के लिए ज़ोन मे नहीं भेजी?
6. क्या प्रवर्तन अधिकारी बताएँगे कि मौके पर बन रही यह बिल्डिंग जेडीए द्वारा अनुमोदित है या नहीं?
7. क्या प्रवर्तन अधिकारी बताएँगे कि यह बिल्डिंग रेरा रजिस्टर्ड है या नहीं?
8. यदि यह बिल्डिंग रेरा रजिस्टर्ड नहीं है तो क्या यह खरीदने वाले ग्राहकों के साथ धोखा नहीं है?
9. क्या प्रवर्तन अधिकारी इस बिल्डिंग के सारे फ्लेट बिकने के बाद कोई कार्यवाही करेंगे?
10. आखिर कौन है यह बाहुबली बिल्डर जिसकी अवैध बिल्डिंग को बचाने के लिए सम्मानीय प्रवर्तन अधिकारी को मुख्यमंत्री के पोर्टल पर झूठ बोलना पड़ रहा है?
11. क्या मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक महोदय को पीआरएन ज़ोन मे हो रहे सैकड़ो अवैध निर्माणों की जानकारी है या फिर संबन्धित ज़ोन के प्रवर्तन अधिकारी उन्हे गुमराह कर देते है?